# डॉ. सिकरवार ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 28 के बुद्ध विहार, अंबेडकर पार्क एवं आनंद नगर बजरिया में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिये क्षेत्रीय पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया एवं क्षेत्रीय जनता के साथ भूमिपूजन किया। यह विभिन्न विकास कार्य करीब 12 लाख रूपये की लागत से कराये जायेगें। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अन्य अतिथिओं का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक डॉ. सिकरवार एवं अन्य नागरिकों ने भगवान बौद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर नमन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने मौजूद जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि इन विकास कार्यो के लिये जनता द्वारा काफी समय से मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और प्रगति मेरा लक्ष्य है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, सुधीर मण्डेलिया, पंचम सिंह भदोरिया, राजेश तोमर, नरेंद्र चौधरी, सुरेश वाजपेई, ओमकार सरपंच, भीम प्रकाश, कुलदीप सिंह जाटव, बंटी जाटव, अशोक सुमन, रवि रमन, भगवान दास पाल, कोक सिंह राजे, पप्पू पंडित, कौशल दंडोतिया, बृजलाल सिसोदिया, देवानंद ऐश्वार, मंजेश मौर्य, जीवन जाटव, मनोज दादोरिया, यदुनाथ सिंह चौहान, सुखलाल मौर्य, संतोष गौतम, बंटी भोज, बी.पी. भीरे, रवि सिसोदिया, जगन्नाथ प्रसाद लहरी आदि उपस्थित रहे।

### जलभराव वाले स्थान पर जल निकासी की व्यवस्था तत्काल करें : महापौर



ग्वालियर। वार्ड 18 एवं 19 में जहां भी जल भराव की स्थिति बन रही है, वहां सीवर सफाई की व्यवस्था कराए तथा तात्कालिक रूप से मशीन लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था करावे जिससे क्षेत्र के लोगों की समस्या का निराकरण शीघ्र हो सके। यह निर्देश महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने रविवार को दीनदयाल नगर, अटल नगर एवं भगत सिंह नगर में भ्रमण करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने रविवार को ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 18 दीनदयाल नगर क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया तथा क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सीवर सफाई कराने एवं जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वार्ड 19 के अंतर्गत अटल नगर, भगत सिंह नगर, रचना नगर, कुंज विहार एवं पटरी रोड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जल भराव का अवलोकन कर अधिकारियों को शीघ्र जल निकासी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल के सदस्य अवधेश कौरव, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी, अपर आयुक्त विजय राज आदि उपस्थित थे।



# पार्षद ने पाताली हनुमान से रेशम मिल तक चेम्बरों मे लगवाई मशीन

**सुबह शुरू हुआ चेम्बर सफाई अभियान शाम तक चला, क्षेत्र के कई चेम्बरों में मशीन डाल कर साफ किया गया**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** क्षेत्र के मुखिया कहे जाने बाले वार्ड 16 के पार्षद महेंद्र आर्य अपने वार्ड की जनता का पूरा ख्याल रखते है और आमजन की समस्याओं का निराकरण करने में पूरा जोर लगा देते है वह आज कल अपने वार्ड की समस्यओं के समाधान के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है इस कारण क्षेत्र की जनता भी उनके कार्य की सराहना करती है रविवार को सुबह से पार्षद महेंद्र आर्य सफाई अमले के साथ खुद भी चेम्बरों की सफाई कार्य के पूरे समय मौजूद रहे। पार्षद ने निगम की सफाई मशीन बुलवाकर पाताली हनुमान से न्यू रेशम मिल प्रगति नगर तक चौक हो रहे सभी चेम्बरों को साफ करवाया।

# नशा मुक्ति जनजागृति अभियान ''नशे से दूरी है जरूरी''




**आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वरों से महका बैजाताल, दिलाई शपथ**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में 15 दिवसीय नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह(भापुसे) पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुमन गुर्जर के मार्गदर्शन में ग्वालियर शहर के बैजाताल पर सुर संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संगीत की स्वर लहरियों से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाकर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जिले के विभिन्न थानों में भी नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

ग्वालियर शहर के बैजाताल पर आयोजित सुर संध्या कार्यक्रम में संजय वैशाली धूपर एवं दीक्षा मिश्रा व चारू भार्गव के म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुतियां दी और कलाकारों ने भी इस अवसर पर अपनी स्वर लहरियों से बैजाताल को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी जाकर नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी रूप में परिवार, समाज व व्यक्ति के लिए घातक है, इसलिए हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होने कहा कि ग्वालियर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज के हर वर्ग को नशे से दूर रखने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। पुलिस का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और नशा मुक्त समाज की स्थापना में सहभागी बनें।

कार्यक्रम के अंत में एसएसपी ग्वालियर द्वारा म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों तथा सामाजसेवी संजय कट्ठल को स्मृति चिन्हित भेट किया गया।

# तीन साल में दूसरी बार स्कूल से बालक हुआ गायब



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** एक लड़के ने पुलिस को परेशान करके रख दिया है। यह तीन साल में दूसरी बार गायब हुआ। इसका गायब होना पुलिस के लिए परेशानी की वजह बन जाता है और हर बार पुलिस खोज निकालती है। अब पुलिस ने हिकमत-ए-अमली से पूछताछ शुरु कर दी है कि वह बार-बार गायब होकर क्यों पुलिस को परेशान करता है। क्यों घर वालों के लिए मुसीबत खड़ी करता है। इस बार यह मामला मुरार थाने पहुंचा। अवधेश सिंह ने इस मामले में रिपोर्ट की कि उनका बेटा स्कूल से गायब हो गया है। चूंकि मामला स्कूल से गायब होने का था, इसलिए पुलिस ने फौरन से पेश्तर एक्शन लिया और वरदान की खोज शुरु कर दी। यह घटना 18 जुलाई की है और इसे पुलिस ने भिंड में खोज निकाला।

2022 में भी इसी तारीख को जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक ठीक तीन साल पहले भी वरदान ठीक इसी तरह से गायब हुआ था और वो तारीख भी 18 जुलाई ही थी। तब भी कहा गया था कि यह स्कूल गया पर वापस नहीं लौटा। इस घटना के दो दिन बाद यह खुद ही वापस आ गया था।

इस मामले में पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने कहा, पुलिस ने जब इसे बरामद किया और पहताल शुरु की तो यह बात सामने आई कि यह तो तीन साल में दूसरी बार गायब हुआ और दोनों ही बार इसने गायब होने के लिए एक हो तारीख 18 जुलाई ही चुनी। पूछताछ में पता चला है कि इसका पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगता पर घर वाले कहते हैं कि जाओ स्कूल जाओ। पढ़ाई करो। इसलिए घर वालों की बात से परेशान होकर यह स्कूल से ही गायब हो जाता है। वही मुरार थाना प्रभारी मैना पटेल ने कहा की पहली बार जब यह गायब हुआ था तब इसकी उम्र 15 साल थी। अब यह 18 साल का हो चुका है।

# अवैध शराब का जखीरा बरामद, देशी शराब तथा बीयर पकड़ी



सिरोल पुलिस ने ढाबे पर छापामार कार्रवाई की

ग्वालियर। हाइवे पर बने ढाबे अपने ग्राहकों को बीयर व शराब परोसने का इंतजाम करके रखते हैं। ऐसी सूचना मिलने पर बीती रात पुलिस ने पीताम्बरा ढाबे पर छापामार कार्रवाई कर वहां से अवैध देशी शराब तथा बीयर के कार्टून बरामद किए हैं। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 24 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में एक को पकड़ कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सिरोल थाना प्रभारी गोविंद बगौली को मुखबिर ने सूचना दी कि सिरोल हाइवे स्थित पीताम्बरा ढाबे पर अवैध शराब की बिक्री की जाती है और अभी वहां भारी मात्रा में शराब पहुंची है। ढाबे पर शराब की खेप पहुंचने की जानकारी मिलते ही टीआई गोविंद बगौली ने एक टीम बनाकर वहां भेजी।

### हेयर सैलून पर कटिंग कराते समय दो पक्षों में विवाद

**ग्वालियर।** हेयर सैलून पर कटिंग करवाते में दो युवकों में विवाद हो गया, जिसमें एक ने अपने साथियों को बुलवा लिया। इसके बाद एक पक्ष ने पथराव किया, जबकि दूसरी ओर से आए एक युवक ने कट्टे से फायर ठोंक दिए। घटना डबरा देहात इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। डबरा देहात थाना क्षेत्रांतर्गत चीनोर रोड पर स्थित एक हेयर सैलून पर इटायल निवासी विक्की और मनदीप रावत कटिंग करवाने गए थे। जहां किसी बात को लेकर उनका वहां मौजूद बंटी खान से विवाद हो गया।

# रागायन संगीत सभा में झरे भक्ति, पावस के सुर

**ग्वालियर।** शहर की प्रतिष्ठित सांगीतिक संस्था रागायन की रविववार को सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला में हुई मासिक संगीत सभा में भक्ति संगीत के साथ पावस के सुर खूब झरे। सभा में नवोदित कलाकारों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों ने झूला कजरी और भजनो की शानदार प्रस्तुति से रसिकों को मुग्ध कर दिया। शुरू में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रागायन के अध्यक्ष एवं सिद्धपीठ श्री गंगादास जी की बड़ी शाला के पीठाधीश्वर महंत स्वामी रामसेवक दास जी महाराज ने सभी कलाकारों के साथ सरस्वती पूजन एवं गुरु पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ ईश्वरचंद्र करकरे, संजय देवले, अविनाश महाजनी सहित संगीत प्रेमी और कलाकार उपस्थित थे। सांगीतिक कार्यक्रम की शुरुआत कु वर्षा मित्रा के गायन से हुई। वर्षा ने राग यमन पर आधारित रचना - म्हारो प्रणाम बांके बिहारी की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनके बाद कु एकता जैन ने - अजपा जाप जपो भई साधो भजन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में सुजल जैन ने कजरी की प्रस्तुति दी। रचना के बोल थे - सावन की ऋतु। इसके बाद उन्होंने चलो मन वृन्दावन की भी भाव पूर्ण प्रस्तुति दी। श्रीमती स्मिता महाजनी ने भी भजन प्रस्तुत किये। उन्होंने ममता तू न गई मोरे मन से. और गीत वो हम न थे वो तुम न थे की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ग्वालियर के वरिष्ठ कलाकार डॉ मुकेश सक्सेना ने गुरु की महिमा पर भजन - कौन लगाए पार गुरु बिन और दुनिया दर्शन का है मेला की प्रस्तुति दी। अगले क्रम में टीकेन्द्रनाथ चतुर्वेदी झूला गीतों को प्रस्तुति दी। क्रम को आगे बढ़ाते हुए मनीष शर्मा ने क्या तन मांजता रे और पिया बिन सूना जैसी रचनाये गाईं। ग्वालियर की वरिष्ठ गायिका डॉ वीणा जोशी ने भी भजनो की प्रस्तुतियां दी. उन्होंने बाजे रे मुरलिया बाजे भजन को बड़े ही भावपूर्ण अंदाज़ में गाया। इन प्रस्तुतियों में तबले पर भोलेराम महावत, डॉ विनय विंदे, एवं हारमोनियम पर संजय देवले ने संगत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत रसिक उपस्थित थे।



# गोवर्धन कॉलोनी में सड़क पर फैल रहा सीवेज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** दीनदयाल नगर के निवासियों ने ग्वालियर-भिंड हाइवे जाम किया तो अधिकारियों ने तुरंत वहां से सीवर का गंदा पानी निकालने के लिए संसाधन पहुंचा दिए। ऐसा ही हाल गोला का मंदिर चौराहे से करीब एक किलोमीटर दूर गोवर्धन कॉलोनी का बना हुआ है। वहां घरों के सामने सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासियों को आने-जाने में तो दिक्कत हो रही है वह अपने वाहन भी खड़े नहीं कर पा रहे। तमाम बार शिकायत करने के बाद भी अभी हालात वैसे ही हैं जैसे 10 दिन पहले थे

# दो दिवसीय नृत्य महोत्सव का आयोजन 29 जुलाई एवं 01 अगस्त को

**ग्वालियर।** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर सोसाइटी द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक एवं रचनात्मक साप्ताहिक सप्ताह के अन्तर्गत दो दिवसीय नृत्य महोत्सव 2025 प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि यह प्रतियोगिता वेस्टर्न एवं क्लासिकल कैटेगरी में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 29 जुलाई को दिन मंगलवार को और 1 अगस्त दिन शुक्रवार को बाल भवन ऑडिटोरियम, रूप सिंह स्टेडियम के सामने सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। इसमें 29 जुलाई को दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से वेस्टर्न कैटेगरी में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमे भाग लेने बाले बच्चे एकल एवं युगल नृत्य पर अपंनी प्रस्तुति दे सकते है यह प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित किया जाएगा- वर्ग ए 4 से 8 वर्ष, वर्ग बी 9 से 14 वर्ष,वर्ग सी 15 से 25 वर्ष वर्ग। वर्ग डी महिला वर्ग होगा।

# कृष्णा फ्लौर मिल के आटे में मिली चूहे की लीद, महिला ने की खाद्य विभाग में शिकायत



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** तानसेन नगर स्थित कृष्णा फ्लौर मिल से खरीदे गए आटे में चूहे की लीद मिलने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि आटे की रोटियां खाने के बाद परिवार के लोगों को उल्टियां और दस्त की समस्या हुई। इसके बाद महिला ने तुरंत खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई।

खाद्य अधिकारी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि टीम को निरीक्षण के लिए भेजा गया, जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश धाकड़ और उनकी टीम ने कृष्णा फ्लौर मिल से आटे के सैंपल लिए हैं। दुकानदार ने भी आटे में लीद मिलने की गलती स्वीकार की है।

सवाल उठ रहे हैं कि आखिर शहर में हजारों की संख्या में चल रही आटा चक्कियों और फ्लौर मिल्स पर नियमित निरीक्षण क्यों नहीं हो रहा। इस लापरवाही के चलते मिल मालिक बिना जांच और सफाई के खराब अनाज पीसकर आम जनता को दे रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। खाद विभाग ने आश्वासन दिया है कि सैंपल जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी स्कूल के बच्चे बनाएंगे ड्रोन

## 23 से शुरू होगी ट्रेनिंग, ड्रोन उड़ाना भी सिखाया जाएगा



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,20जुलाई।** शहर में पहली बार सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रोन पायलट बनाने के साथ ड्रोन बनाना भी सिखाया जाएगा। इसको लेकर स्कूल के बच्चों की जल्द ट्रेनिंग शुरू होगी। यह ट्रेनिंग अक्टूबर तक चलेगी। ट्रेनिंग के बाद बच्चों को ड्रोन पायलट का सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। कंपू स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पागनवीसी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर स्कूल के प्राचार्य ने व्योम कंपनी के निदेशक को पत्र लिखा है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की ट्रेनिंग 23, 24 और 25 जुलाई को होगी। स्कूल के शिक्षक बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग जीवन कौशल तथा व्यावसायिक शिक्षा के तहत दी जाएगी। यह ट्रेनिंग स्कूल के 11वीं और 12वीं के छात्रों को दी जाएगी। 23, 24 और 25 जुलाई को आयोजित इस ट्रेनिंग में व्योम कंपनी के एक्सपर्ट द्वारा छात्रों को ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। जुलाई में तीन दिन के बाद अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में बच्चों को तीन-तीन दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। शुक्ला ने बताया कि बच्चों को कुल 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। पागनवीसी स्कूल में पहले तीन दिन कंपनी के एक्सपर्ट स्कूल के बच्चों को ड्रोन के बारे में बेसिक जानकारी देंगे। इस दौरान उन्हें ड्रोन क्यों आवश्यक है इस बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा ड्रोन की आज के दौर में क्या उपयोगिता है इसके बारे में समझाया जाएगा।

साथ ही वर्तमान परिवेश में ड्रोन किस तरह समाज के लिए लाभदायक हो सकता है विशेषज्ञ इसकी जानकारी देंगे। ड्रोन बनाने का सामान कंपनी के एक्सपर्ट ही लेकर आएंगे। यदि कोई बच्चा खुद का ड्रोन बनाना चाहता है तो स्कूल प्रबंधन द्वारा इसकी व्यवस्था की जाएगी।








